निगम भिलाई क्षेत्र में मच्छर उन्मूलन हेतु चलाया जन जागरूकता अभियान

भिलाईनगर। कलेक्टर महोदया के आदेशानुसार निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में आगामी वर्षाऋतु के आमगन को ध्यान में रखते हुए वार्ड 41 औधोगिक क्षेत्र छावनी के आदिवासी मोहल्ला, श्रमिक बस्तीयों में मच्छर उन्मूलन एवं जलजनित मौसमी बिमारियो से बचाव हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारी कर्मचारियो को निर्देश देते हुए बताया है कि आगामी वर्षाऋतु आमगन पर है इसे ध्यान में रखते हुए निचली बस्तीयों एवं जल भराव वाले क्षेत्रो का निरीक्षण कर बरसाती पानी जमा होने से एवं पानी से फैलने वाले जलजनित बिमारियो से बचने मच्छर उन्मूलन की रोकथाम हेतु भिलाई निगम क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नागरिक अपने घरो के कुलर, पुराने टायर, टंकी, ड्रम, पुराने मटके इत्यादि को खाली रखे एवं आस पास की सफाई करते रहे। चुकिं साफ पानी में ही मच्छरों का प्रजनन होने से अण्डा देता है जिससे लार्वा बनता है और उल्टी, दस्त, पीलिया, डायरिया जैसे बिमारियां फैलते है। आयुक्त ने नागरिको से अपील की है कि बरसात के दिनों में होने वाले मौसमी बिमारियों से अपने एवं अपने परिवारजनो को बचाये साथ ही मैलाथियान दवाई एवं जला आईल का छिड़काव भी करे।

जागरूकता अभियान के तहत वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला से विजय सेजुला, एस.के.दिल्लीवार, मनोज साहू, जिला मलेरिया विभाग से राजकुमार भसकोलो, उमेश कपूर, मितानीन शोभा शाह के साथ निगम के जोन स्वास्थ्य अमला लगातार शामिल है यह जागरूकता अभियान शतत रूप से चल रहा है सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है।